मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 240, मुंबई, सोमवार, 13 नवंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI



मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

# युवक ने बांद्रा-वर्ली सी लिंक से कूदकर की आत्महत्या

**शुरूआती जांच के मुताबिक युवक का तीन महीने पहले अपनी गर्लफ्रेंड से हो गया था ब्रेकअप**



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। बांद्रा-वर्ली सी-लिंक (बीडब्ल्यूएसएल) से कूदकर एक युवक ने आत्महत्या कर लिया। बताया जा रहा है कि 27 वर्षीय युवक ब्रेकअप के बाद डिप्रेशन से परेशान था। इसके चलते कथित तौर पर उसने सी-लिंक से कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या करने वाले युवक का नाम आकाश सिंह बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



# मुंबई में सांस लेना हुआ दूभर!

**24 घंटे में फूटे 150 करोड़ के पटाखे**

# आसमान में छाई जहरीली धुंध

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** दिवाली के दिन मुंबई में जमकर आतिशबाजी हुई और पटाखे फोड़े गए। जिसका असर शहर की हवा पर दिख रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लक्ष्मी पूजन के दिन मुंबई में 24 घंटे के अंदर 150 करोड़ रुपये के पटाखे फोड़े गए। नतीजतन, मुंबई की वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) फिर से बेहद खराब हो गई है। मुंबई में एक्यूआई स्तर 288 तक पहुंच गया है। बारिश का मौसम खत्म होने के बाद मुंबई में हवा की गुणवत्ता दिन-ब-दिन खराब होती चली गई।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

बॉम्बे हाईकोर्ट ने पटाखे फोड़ने का समय रात 8 से 10 बजे तक तय किया था, लेकिन शाम से ही पटाखे फोड़े जाने शुरू हो गए। आधी रात के बाद भी कई जगहों पर आतिशबाजी चल रही थी। इसका असर मुंबई की हवा पर पड़ता नजर आ रहा है। मुंबई समेत उपनगरों में पटाखों से प्रदूषण बढ़ गया है

# बैठक के दौरान अचानक बिगड़ी शरद पवार की तबीयत



**डॉक्टरों ने दी ये सलाह**

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष और महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता शरद पवार की तबीयत शनिवार को अचानक बिगड़ गई। पुणे के बारामती में शरद पवार की अध्यक्षता में दो अहम बैठकें बुलाई गईं थी। बैठक के दौरान पवार को अस्वस्थ महसूस होने लगा, जिसके बाद तुरंत डॉक्टरों को बुलाया गया। जांच के बाद डॉक्टर ने वरिष्ठ नेता को आराम करने की सलाह दी। मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार दोपहर में दो बजे के करीब बारामती के विद्या प्रतिष्ठान में एनसीपी संस्थापक बैठक कर रहे थे। इस बीच उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी। जिसके बाद उनकी बेटी व एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने डॉक्टर को जांच के लिए बुलाया। डॉक्टरों ने कार्यक्रम स्थल पर आकर शरद पवार की जांच की। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# पनवेल और पुणे से चलेंगी 12 नई स्पेशल ट्रेनें




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा व टिकटों की मांग को देखते हुए 12 और विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। पनवेल और पुणे से चलने वाली ये ट्रेनें विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के तौर पर चलेंगी। मध्य रेल ने यात्रियों की भारी भीड़ को कम करने के लिए पुणे-दानापुर के बीच 8 अतिरिक्त त्योहार स्पेशल चलाने का निर्णय लिया है। इसी तरह पनवेल (मुंबई) और हजूर साहिब नांदेड के बीच 4 और त्योहार स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

मध्य रेल ने यात्रियों की भारी भीड़ को कम करने के लिए पुणे-दानापुर के बीच 8 अतिरिक्त त्योहार स्पेशल चलाने का निर्णय लिया है

## हमारी बात

### अनाज की नहीं शराब की भूख!


**नरेंद्र मोदी** का बतौर प्रधानमंत्री शराब काल का इतिहास भी बनेगा। हां, भारत अमृत काल में नहीं बल्कि, दारू काल के कीर्तिमान बनाते हुए है। भारत के 140 करोड़ लोगों में मुस्लिम आबादी को छोड़ें तो बहुसंख्यक हिंदू मानों शराब के प्यासे। मोदी-शाह के राज में हिंदू कैसे पियक्कड़, नशेड़ी, दारूबाज बने हैं इसकी बहुत भारी दास्तां है। मोदी सरकार का नंबर एक पाप है जो उसने शराब को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा। मतलब राज्य सरकारों को शराब याकि आबकारी से कमाई का भरपूर मौका दिया। पेट्रोलियम पदार्थों याकि ईंधन को जीएसटी से बाहर रख जहां केंद्र ने जनता से अपनी मनमानी वसूली बनवाई और परिवहन तथा इकोनॉमी को महंगा बनाया वहीं राज्यों ने शराब की बिक्री को बेइंतहां बढ़वा कर उसकी घर-घर आदत बनवा दी है। एक और बारीक बात। मुफ्त में अनाज, राशन, घरों में पांच सौ हजार-बारह सौ रुपए के ट्रांसफर व रेवड़ियों से सरकारों ने लोगों की वह नकदी बनवाई है, जिससे गरीब-गुरबों में हर शाम दारू का पव्वा पीने की आदत बनी। मोदी सरकार हो या कांग्रेस और आप सभी पार्टियों में नौ सालों से यह होड़ है कि लोगों को फ्री में राशन आदि दे कर उनके वोट पाएं। इसका सीधा असर यह हुआ है जो गांव, देहात, झुग्गी झोपड़ियों, गरीब, बीपीएल कार्डधारियों में खाने का अनाज पहुंचा और उससे लोगों का अनाज पर होता खर्च बचा। लोगों की जेब में पैसा रहने लगा। नतीजतन अपने आप शराब की दुकानों, भट्टी पर दारू का पव्वा लेने का वह रिवाज बना जैसे पहले कभी सुबह लोग दूध खरीदने जाया करते थे। दूध भले न पीयें मगर शराब हर रोज, नियमितता से पीते हैं। संघ परिवार के अमृत काल यह वह नया अकल्पनीय संस्कार है जो बाप-बेटे, घर-परिवार मिल कर शराब पीने में अब संकोच नहीं करते। सचमुच छतीसगढ़ ने मुझे नई जमीनी हकीकत दिखलाई। आदिवासी, देहाती, किसानी, कस्बाई और शहरी लोगों में शराब की दहला देने वाली भूख और आदत बनी दिखी। दारू की भट्ठी पर मेला लगता है। दिन में ही लोग पीये रहते हैं। और सबकी नंबर एक शिकायत है कि दारू की क्वालिटी खराब होती जा रही है, जबकि रेट प्रति पव्वा साठ से अस्सी, सौ रुपए की रफ्तार में लगातार बढ़ते हुए! क्या बूढ़े, क्या प्रौढ़, क्या नौजवान सब शराब की भट्ठी जाने की आदत में बंध गए हैं। धान कटाई करते हुए घर वालों के बीच जब पुरूष से पूछा कि दारू पीते हो तो महिला ने पहले जवाब दिया- मर्द जब मेहनत करता है तो पीएगा ही। आदिवासी, बीपीएल, खेतीहर मजदूर, किसान हो या शहरी बनिया-ब्राह्मण में शराब की आदत पर जिससे भी जानना चाहे वह बताता मिलेगा यह तो सामान्य और दिनचर्या की बात। छत्तीसगढ़ में ज्यादा हैरानी इसलिए हुई क्योंकि किसानों में यह सुना कि धान पर बोनस और खरीद से लोगों के लिए दारू का खर्चा वहन करना आसान हो गया है। रेवड़ियों से शराब की प्यास बूझाने का पैसा मिल रहा है। सरकार किसान से धान ऊंचे दाम व बोनस से खरीद रही है जबकि खाने का राशन मुफ्त में मिल ही रहा है तो बचत से शराब की भट्ठी का रोजाना का खर्चा अब गांव-देहात का नियमित खर्च है। लोगों में शिकायत सिर्फ यह है कि दारू अच्छी नहीं मिल रही। क्वालिटी अच्छी नहीं है, जबकि शराब के दाम बढ़ते जा रहे है।

## माह नवंबर जन्म दिवस पर विशेष

# भारत रत्न अबुल कलाम मोहिउद्दीन अहमद उर्फ मौलाना आजाद रह.

**आपकी** पैदाइश 11 नवम्बर सन 1887 मक्का शहर (सऊदी अरब) में हुई थी। आपके वालिद का नाम मौलाना मोहम्मद खैरुद्दीन था जो मक्का जाने से पहले कलकत्ता के बाशिंदे थे और एक मशहूर उलमा में शुमार किये जाते थे। हिन्दुस्तान की पहली जंगे आजादी के दौरान सन 1857 में अंग्रेज नौकरशाहों की ज्यादतियों से तंग आकर कलकत्ता छोड़कर मक्का हिजरत कर गये थे। आप मक्का में ही पढ़ाते थे और वहीं आपकी शादी शाही खानदान से ताल्लुक रखने खाने शेख मोहम्मद जहीद बाटरी की लड़की आलिया से हुई थी जिनसे मौलाना अबुल कलाम आजाद पैदा हुए। मौलाना का पूरा नाम अबुल कलाम मोहिउद्दीन अहमद था। आप दो साल के थे जब आपके वालिद साहब सन 1890 में वापस अपने वतन (भारत) आये और अपने आबाई रिहाईश कलकत्ता में फिर से आबाद हुए।

मौलाना आजाद साहब की काब्रलियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। कि आप उर्दू, हिन्दी, फारसी, बंगाली, अरबी, इंग्लिश, वर्ल्ड हिस्ट्री, मैथ फिलास्फी और सांइस के मास्टर थे। आपके लिए सभी जुबानों के ट्यूटर रखे गये थे। बहुत कम उम्र में सारी दीनी तालीम जैसे हनफी., मालिकी, सैफई, हम्बली और फि कह शरियरत की इल्म हासिल कर लिया था। आप एक अच्छे सहाफी (पत्रकार) भी थे जिसकी शुरूआत 12 या 13 साल की उम्र में नौरंगे-आलम मैगजीन निकालकर की थी, बाद में सन 1912 में अलहिलाल नाम से अखबार निकालकर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जबरदस्त हमला किया। नतीजे में सन 1914 में अंग्रेज हुकूमत ने इसे बन्द करा दिया। इसके बाद अल-बलाग नाम मैगजीन निकाली जिसमें जंगे आजादी के लिए हिन्दू मुस्लिम एकता और नेशनल मूवमेंट के लिए माहौल तैयार करने का काम करते रहे। आपने सियासी मैगजीन अल मिसबाह व



लिसन अस-सिदक नाम से जनरल भी निकाला। इसके अलावा अपने उर्दू, अंग्रेजी में कई किताबें लिखी और मजहबी किताबें भी लिखी। मौलाना आजाद ने भारत की जंगे-आजादी में कलम की तलवार से जितना वार ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ किया, उतना शायद किसी पेशेवर राईटर ने ही किया हो।

आपने ऑल इण्डिया मुस्लिम एजुकेशनल कांफ्रेस और ऑल इण्डिया मुस्लिम एडीटर कांफ्रेंस करायी जिसमें अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ पढ़े-लिखे और दानिशवर तबके को जंगे आजादी ही अहमियत और तरीकेक र पर राय-मशविरा दिया। आप शुरू में हथियारों के जरिये ब्रिटिश हुकूमत का मुकाबला करने के हामी थे और नौजवानों की तंजीम बनाकर ट्रेनिंग व तरबियत का काम भी शुरू किया था लेकिन आपकी शोहरत और मकबूलियत को देखकर महात्मा गांधी ने बुलाया और लम्बी बातचीत के बाद सन 1920 में आप गांधीजी के अहिंसक आन्दोलन की पॉलिसी पर रजामंद हुए। इसके बाद आपने कभी भी वाइलेंस के किसी जमात की तरफदारी तो नहीं की लेकिन बचाव करने में भी पीछे नहीं रहे। महात्मा गांधी के असर में आने के बाद आप खिलाफत मूवमेंट, नॉन कोआपरेटिव मूवमेंट, स्वदेशी तहरीक, क्विट इण्डिया मूवमेंट या उस जमाने के जंगे आजादी की कोई भी मुहिम ऐसी न थी जिसमें मौलाना की कयादत या हिस्सेदारी न हो। इन सारे आन्दोलनों में जेल के सफर की तादात तो नहीं लेकिन मुद्दत जरूर दर्ज है। नेशनल मूवमेंट में आपने 10 साल 7 महीने की जेल की सजा भुगती।

सन 1923 में दिल्ली में कांग्रेस के इजलास की सदारत की उस वक्त आपकी उम्र कुल 35 साल थी। मुस्लिम लीग व कांग्रेस पैक्ट सन 1927 को कामयाबी आपकी बदौलत मिली। आप दूसरी बार कांग्रेस के सदर सन 1940 में बने और सन 1946 तक इस ओहदे पर बने रहे। आप मुल्क बंटवारे के सबसे ज्यादा मुखालिफों में थे। आपने पूरी कोशिश की लेकिन बटवारे की साजिशों की नाकाम नहीं कर पाये। आपकी मेहनत और शाख्सियत ने बटवारे के वक्त मुसलमानों को मुल्क से जाने पर रोका। आपकी तकरीर के बाद यह कहावत है कि लाखों-लाख खानदानों के बंधे हुए बिस्तर खुल गये।

मौलाना आजाद मुल्क की आजादी के बाद बनी सरकार में पहले वजीरे-तालीम (शिक्षा मंत्री) थे। आपको सन 1992 में भारत रत्न से नवाजा गया। आपकी खिदमात के एवज मुल्क में आपकी यौमे-पैदाइश को नेशनल एजुकेशनल डे के नाम से याद किया जाता है। आपका इन्तकाल 22 फरवरी सन 1958 को हुआ।

**संदर्भ-लहू बोलता भी है**
**लेखक-सैय्यद शाहनवाज अहमद कादरी, कृष्ण कल्कि 167,169**
**संकलन प्रस्तुति**
**- साजिद खान धनपुरी शहडोल मध्य प्रदेश**

# भ्रष्टाचार के मुद्दे से भरोसा उठा

**आजाद** भारत में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सत्ता बदलती रही है। सबको याद होगा कि कैसे बोफोर्स घोटाले की चर्चा से राजीव गांधी की चार सौ से ज्यादा लोकसभा सीट वाली कांग्रेस हारी थी और 2जी, कोयला आदि के घोटालों की चर्चा से मनमोहन सिंह की सरकार सत्ता से बाहर हुई थी। 1996 में भी पीवी नरसिंह राव की सरकार के जाने के पीछे एक कारण सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप भी थे। अरविंद केजरीवाल का एक परिघटना के रूप में उभरना भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लोगों की नाराजगी का सबसे बड़ा सबूत है। लेकिन दुर्भाग्य से अरविंद केजरीवाल की वजह से ही भ्रष्टाचार के मुद्दे से लोगों का भरोसा उठा है।

केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार भी कम जिम्मेदार नहीं है लेकिन मोदी के मुकाबले केजरीवाल ने ईमानदार राजनीति का ज्यादा प्रचार किया था और जब लोगों ने देखा कि उनके जीवन में इससे कोई बदलाव नहीं आया और केजरीवाल भी वैसी ही राजनीति करते रहे, जिसे बदलने का दावा करके वे आए थे तो लोगों का भारी मोहभंग हुआ। ऐसा नहीं है कि यह मोहभंग हमेशा के लिए है। हो सकता है कि कुछ समय के बाद फिर कोई मसीहा निकले और भ्रष्टाचार के मसले पर लोगों को जागरूक करे लेकिन फिलहाल इसकी संभावना नहीं दिख रही है।

सवाल है केजरीवाल ने ऐसा क्या किया, जिससे लोगों का भ्रष्टाचार के मुद्दे से भरोसा उठ गया? इस सवाल के जवाब में कई काम गिनाए जा सकते हैं। पहला, केजरीवाल ने दिल्ली में सरकार बनने के बाद ऐलान किया था कि भ्रष्टाचार खत्म करेंगे। उन्होंने अपनी तरफ से तो कोई पहल नहीं की उलटे आम लोगों से कहा कि अगर कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो उसकी वीडियो बना लें और उसे सरकार को भेजें। इसके लिए व्हाट्सएप के नंबर भी जारी किए गए। सोचें, यह कितनी अव्यावहारिक बात है? क्या यह संभव है कि कोई मोबाइल चला कर वीडियो बनाए और कर्मचारी उससे रिश्वत मांगे? ऐसा तो तभी हो सकता था, जब आम नागरिक स्टिंग जर्नलिस्ट बन जाए! इसके बावजूद सवाल है कि केजरीवाल सरकार की इस बेहद अव्यावहारिक और बचकानी योजना का क्या हुआ? इसमें कितने लोगों ने वीडियो या ऑडियो रिकॉर्ड करके सरकारी कर्मचारियों की शिकायत की और उसमें कितने लोगों पर कार्रवाई हुई? इसका कोई आंकड़ा सरकार जारी नहीं करती है। अब वह योजना चल रही है या बंद हो गई इसके बारे में भी किसी को जानकारी नहीं है।

दूसरा, केजरीवाल की पहली सरकार से उनके विधायकों और मंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे थे। सबसे पहला शिकार जितेंद्र तोमर हुए थे, जिनकी फर्जी कानून की डिग्री पकड़ी गई थी। सोचें, आज केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री देखने के लिए इस अदालत से उस अदालत तक भाग रहे हैं, लेकिन उन्होंने खुद ही एक फर्जी कानून की डिग्री वाले नेता को कानून मंत्री बनाया था। हैरानी की बात है कि वे अब भी आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। यानी उनको बाद में भी टिकट दी गई।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# शिंदे गुट की शिवसेना और उद्धव गुट की शिवसेना में करारी टक्कर के बाद भी मध्यवर्ती शिवसेना शाखा तक नहीं पहुंच पाए शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे और विधायक जितेंद्र आव्हाड

## बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने दिखाएं काले झंडे

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** शिंदे गुट कि शिवसेना द्वारा वर्षों पुरानी उद्धव गुट शिवसेना की मध्यवर्ती शाखा पर कब्जा कर उसे ध्वस्त कर पुनर्निर्माण करने की तैयारी की जा रही थी इस मामले में शिंदे गुट के राजन किने ने बताया की मध्यवर्ती शिवसेना शाखा को वर्ष 2001 में आनंद दिघे द्वारा बनाया गया था जिसके बाद इस शाखा को कमाई का अड्डा बना लिया था सर्विस स्टेशन चलाए जा रहे थे बिल्डिंग मटेरियल के लिए जगह भाड़े पर दी गई थी भाड़ा खाया जा रहा था जनता का किसी प्रकार का कोई भी कार्य इस शाखा में नहीं किया जा रहा था शाखा की हालात पूरी तरह से खस्ता हो चुकी थी जिसके चलते मध्यवर्ती शाखा को हमारे ताबे में लिया गया और जिसको जनता की सेवा के लिए पुनर्निर्माण कर बनाया जाएगा उसके बाद उद्धव गुट शिवसेना के सांसद संजय राऊत द्वारा ट्वीट कर शिंदे गुट की शिवसेना पर हमला करते हुए कहा की शिव सैनिक द्वारा मध्यवर्ती शाखा को ध्वस्त करने का पाप किया गया है उन्होंने बालासाहेब ठाकरे का अपमान किया है जिसका जवाब 11 नवंबर शनिवार को मुंब्रा में मध्यवर्ती शिवसेना शाखा पर पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा दिया जाएगा जिसकी जानकारी उन्होंने मीडिया कर्मी को दी थी उनके द्वारा दिए गए बयान के बाद मुंब्रा पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर आ गए राजनीतिक खींचातानी के चलते शहर मैं कानून व्यवस्था बरकरार रखने के लिए पहले मुंब्रा पुलिस द्वारा शहर के नेताओं को 149 का नोटिस दिया गया और उसके बाद कड़े बंदोबस्त की तैयारी मैं जुट गई और 11 नवंबर शनिवार को उद्धव ठाकरे अपने पूरे काफिले के साथ विधायक जितेंद्र के नेतृत्व में अपने पूरे समर्थकों के साथ हजारों की संख्या में श्याम 5:00 बजे मुंब्रा पहुंचे जहां पर उद्धव गुट की शिवसेना के समर्थकों द्वारा उद्धव ठाकरे का स्वागत किया गया और जमकर नारेबाजी की गई दूसरी ओर हजारों की संख्या में शिंदे गुट शिवसेना के कार्यकर्ता द्वारा जमकर नारेबाजी की गई दोनों तरफ से नारेबाजी जोर शोर से की गई पुलिस का कड़ा बंदोबस्त देखने को मिला सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल शहर में कानून व्यवस्था बरकरार रखने के लिए तैनात खड़े थे दोनों तरफ से हजारों की संख्या में उद्धव गुट शिवसेना के समर्थक और विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थक द्वारा काफी प्रयास किया गया कि किसी तरह से मध्यवर्ती शिवसेना शाखा तक पहुंचा जाए लेकिन पुलिस बल के नौजवान के साथ ठाणे पुलिस आयुक्तालय जोन एक के उपयुक्त गणेश गावडे, एडिशनल कमिश्नर महेश पाटिल और मुंब्रा पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निवृत्ति बाबूराव कोल्हटकर द्वारा किए गए कड़े प्रयासों से विधायक जितेंद्र आव्हाड को और उद्धव ठाकरे को मध्यवर्ती शिवसेना शाखा तक पहुंचने नहीं दिया गया पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग लगाए गए थे मात्र उद्धव ठाकरे को 150 फीट दूर से ही मध्यवर्ती शिवसेना शाखा के दर्शन कराए गए उसके बाद थक हार के उद्धव ठाकरे को अपने काफिले को लेकर उल्टे पांव जाना ही पड़ा जहां पर अग्निशमन दल में लगे मंच पर उद्धव ठाकरे ने शिंदे गुट शिवसेना पर करारा हमला किया शब्दों के तीखे बाण छोड़ें और शिंदे गुट की शिवसेना को गद्दार बताया और कहा आने वाले चुनाव में शिंदे सरकार की जमानत जप्त हो जाएगी उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा पुलिस को जरा बाजू हटा दो और फिर देखते हैं मर्द कौन उन्होंने शिव सैनिकों से कहा की रोज जाकर मध्यवर्ती शाखा का निरीक्षण करें और जल्द हमारी ओर से ही शिवसेना मध्यवर्ती शाखा बनाई जाएगी उन्होंने भरी सभा में कहा 31 दिसंबर को शिंदे सरकार के विधायकों की योग्यता पर निर्णय लिया जाएगा जिसके बाद शिंदे सरकार के विधायक अयोग्य साबित होते ही शिंदे सरकार गिर जाएगी उन्होंने कहा भाड़े का टैटू कभी रेस का घोड़ा नहीं बन सकता इसके जवाब में पलटवार करते हुए शिंदे गुट शिवसेना के पूर्व महापौर नरेश मास्क ने विधायक जितेंद्र आव्हाड पर निशाना साधते हुए कहा जिस प्रकार का षड्यंत्र रचकर संजय राउत को उद्धव ठाकरे को मुंब्रा में लाया गया और 500 देकर पब्लिक जमा करने से शिंदे गुट की शिवसेना को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला शिंदे गुट की शिवसेना लाडले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में आगे बढ़ेगी और मुंब्रा शहर की जनता का विकास करेगी शाखा का पुनर्निर्माण जनता की सेवा के लिए जल्द किया जाएगा ताकि जनता की तमाम समस्याओं का समाधान किया जा सके शहर में चर्चाओं का बाजार कुछ इस तरह से गर्म है की विधायक जितेंद्र आव्हाड के निमंत्रण पर उद्धव ठाकरे मुंब्रा शहर में पहली बार आए थे लेकिन बड़े अफसोस की बात है विधायक जितेंद्र आव्हाड को मध्यवर्ती शाखा तक पहुंचने ही नहीं दिया गया और उद्धव ठाकरे को 150 फीट दूर से शाखा के दर्शन कराए गए इस पूरे घटनाक्रम से शहर में कयास लगाया जा रहा है की शिंदे गुट की शिवसेना उद्धव गुट की शिवसेना पर भारी पड़ गई है इसी दौरान बीजेपी पार्टी के कौसा ब्लॉक अध्यक्ष सोहैल जुल्फिकार द्वारा अपने समर्थकों के साथ मिलकर उद्धव ठाकरे को काला झंडा दिखाकर उनका निषेध किया गया सोहैल ने कहा उद्धव ठाकरे ने हमारी पार्टी के साथ में विश्वास घात किया था 25 साल की युति को वर्ष 2019 में चुनाव के दौरान तोड़ दी गई थी जिससे बीजेपी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था और उद्धव ठाकरे आज तक मुंब्रा में कभी नहीं आए और आज आए भी हैं तो वह अपने फायदे के लिए आए हैं जनता के लिए नहीं और यही कारणों कि वजह से बीजेपी पार्टी की तरफ से उद्धव ठाकरे को काला झंडा दिखाकर उनका निषेध किया जा रहा है फिलहाल मध्यवर्ती शिवसेना शाखा का पुनर्निर्माण किसके हाथों से होता है शिंदे गुट की शिवसेना से या उद्धव गुट की शिवसेना से यह देखने वाली बात होगी।







## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई में सांस लेना हुआ दूभर!

हालांकि पिछले हफ्ते हल्की बारिश से हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ था। लेकिन दिवाली के दौरान अधिक पटाखे फोड़ने से हवा की गुणवत्ता फिर खराब हो गई है। शुक्रवार को बेमौसम बारिश के कारण हवा में धूल की मात्रा कम होने से वायु स्तर में थोड़ा सुधार हुआ है। लेकिन दिवाली की अगली सुबह एक्यूआई कई जगहों पर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुआ है। आसमान में धुंध की परत छा गयी है। लक्ष्मी पूजन के बाद रात में मुंबई समेत आसपास के जिलों में जमकर आतिशबाजी की गई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने पटाखे फोड़ने का समय रात 8 से 10 बजे तक तय किया है, लेकिन शाम से ही पटाखे फोड़े जाने शुरू हो गए। आधी रात के बाद भी कई जगहों पर आतिशबाजी चल रही थी। इसका असर मुंबई की हवा पर पड़ता नजर आ रहा है। मुंबई समेत उपनगरों में पटाखों से प्रदूषण बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों में बेमौसम बारिश के कारण मुंबई में हवा की गुणवत्ता कुछ हद तक नियंत्रण में थी। चूंकि मुंबई में हवा की गुणवत्ता दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, इसलिए हाईकोर्ट ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। लेकिन पटाखों की वजह से मुंबई की हवा एक बार फिर खतरनाक हो गई है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के अनुसार, बोरीवली इलाके की वायु गुणवत्ता 307 रही जबकि कलानगर की 312 दर्ज की गई। चेंबूर में एक्यूआई 334 दर्ज की गई और वर्ली में वायु गुणवत्ता 134 रही।

### युवक ने बांद्रा-वर्ली सी लिंक से कूदकर की आत्महत्या

मिली जानकारी के मुताबिक, आत्महत्या करने वाला युवक अपने माता-पिता के साथ मुंबई के परेल इलाके में रहता है। वह टैक्सी से सी-लिंक से गुजर रहा था, तभी उसने मोबाइल गिरने का बहाना बनाया और टैक्सी रुकवाई। इसके बाद वह अरब सागर में कूद गया। पुलिस ने स्थानीय मछुआरों की मदद से समुद्र में शव की तलाश की। वर्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आकाश सिंह शुक्रवार रात को बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) से परेल जाने के लिए एक टैक्सी में बैठा। उसने ड्राइवर को बांद्रा-वर्ली सी-लिंक से चलने के लिए कहा। अधिकारी ने बताया कि सी-लिंक पर पहुंचने के बाद युवक ने टैक्सी ड्राइवर से यह कहकर टैक्सी रोकने को कहा कि उसका मोबाइल फोन नीचे गिर गया है। जिसके बाद ड्राइवर ने टैक्सी एक तरफ खड़ी कर दी और आकाश नीचे उतरा और सी लिंक से समुद्र में छलांग लगा दी। देर रात पुलिस ने शव बरामद कर लिया। शुरूआती जांच के मुताबिक, सिंह का तीन महीने पहले अपनी गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप हो गया था। पुलिस आगे की जांच कर रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है कि आकाश ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया। दिवाली के मौके पर युवक की आत्महत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। मालूम हो कि बांद्रा-वर्ली सी-लिंक को सुसाइड प्वाइंट भी कहा जाने लगा है। यहां आत्महत्या करने के कई मामले सामने आ चुके हैं। इस संबंध में बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका भी दायर की गई थी। इसके बाद कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा तो सी-लिंक पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गए और सुरक्षा बढ़ा दी गई।

### पनवेल और पुणे से चलेंगी 12 नई स्पेशल ट्रेनें

01105 पुणे-दानापुर सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 13 नवंबर और 16 नवंबर (2 ट्रिप) को पुणे से 06.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 11.40 बजे दानापुर पहुंचेगी। वहीं, 01106 दानापुर-पुणे सुपर-फास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 14 नवंबर और 17 नवंबर (2 ट्रिप) को दानापुर से 13.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19.45 बजे पुणे पहुंचेगी। इस ट्रेन का हॉल्ट हडपसर, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा होगा। वहीं, 20 एलएचबी कोच की इस ट्रेन में छह एसी 3-टियर, 12 एसी 3-टियर इकोनॉमी क्लास, एक लगेज कम गार्ड ब्रेक वैन और एक जेनरेटर कार होगा। 01449 पुणे-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 18 और 25 नवंबर (2 ट्रिप) को पुणे से 06.35 बजे रवाना होगी और अगले दिन 11.40 बजे दानापुर पहुंचेगी। वहीं, 01450 दानापुर-पुणे सुपरफास्ट स्पेशल 19 और 26 नवंबर (2 ट्रिप) को दानापुर से 13.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 19.40 बजे पुणे पहुंचेगी।

### बैठक के दौरान अचानक बिगड़ी शरद पवार की तबीयत

शरद पवार शुक्रवार रात से ही बारामती के दौरे पर हैं। हर साल दिवाली के मौके पर वह परिवार के साथ बारामती में होते हैं। उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद अगले कुछ दिनों के उनके सभी तय दौरे रद्द कर दिए गए हैं। पवार कल पुरंदर दौरे पर जाने वाले थे। लेकिन वह अब डॉक्टरों की सलाह पर आराम करेंगे। खबर है कि शरद पवार को सर्दी भी हो गई है। सांसद सुले ने तत्काल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश भोईटे, डॉ. सनी शिंदे को बुलाया।

## फिर बिगड़े बोल : सीएम नीतीश ने बिहार विधान सभा की मर्यादा को फिर किया तार-तार

# जीतनराम के लिए किया तू-तड़ाक, जा बैठ जा..., मेरी मूर्खता से मुख्यमंत्री था

### हम कह रह रहे थे आप ही लोगों के साथ रहिए और ये भागकर चला आया था

मुंबई हलचल / पटना

विधानसभा में महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक बयान के बाद नीतीश कुमार ने फिर से एक बार गलत बयानबाजी की है। वे गुरुवार को विधानसभा में राज्य के पूर्व सीएम को जवाब देते हुए मर्यादा भूल बैठे और जमकर तू-तड़ाक किया।

नीतीश के साथ में बैठे एक विधायक उन्हें टोकते रहे लेकिन नीतीश रुके नहीं। नीतीश ने कहा कि उनकी मूर्खता से जीतनराम मांझी मुख्यमंत्री बन गए। नीतीश ने कहा, 'मेरी गलती है कि इस आदमी को हमने बना दिया था मुख्यमंत्री।

कोई सेंस नहीं है इसमें, ऐसे ही बोलते रहता है।' सीएम नीतीश इतने पर ही नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा कि हम कह रह रहे थे आप ही लोगों के साथ रहिए और ये भाग कर चला आया था साथ पार्टी में, अभी हम जानकर के भगा दिए इसको।

- इसके पहले महिलाओं के खिलाफ की थी टिप्पणी
- अध्यक्ष की बात नहीं मानी, और बोलते ही रहे

### अरे, क्या मुख्यमंत्री था...



भाजपा विधायकों की रोका-टोकी के बीच में नीती ने कहा कि आप लोगों को जब छोड़ दिए थे 2013 में, जब आप लोगों को छोड़ दिए थे। अकेले थे हम इसको बना दिए इसके बाद हमारी पार्टी का जो लोग था सब हमको दो ही महीने में कहने लगा- गड़बड़ है इसको हटाइए और अंत में हमको बाध्य किया, फिर हम बन गए थे। कहता रहता है कि ये भी मुख्यमंत्री थे अरे, क्या मुख्यमंत्री था ये तो मेरी मूर्खता से मुख्यमंत्री था"

### अगर इंडियन होती तो नीतीश के खिलाफ लड़ती चुनाव

अमेरिकन एक्ट्रेस का गुस्सा



बिहार के सीएम नीतीश कुमार द्वारा विधानसभा में दिए गए बयान पर अफ्रीकन- अमेरिकन मूल की अभिनेत्री और गायिका मैरी मिलबेन ने प्रतिक्रिया है। उन्होंने नीतीश कुमार के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर वो भारत की नागरिक होती तों बिहार जाकर उनके खिलाफ सीएम पद का चुनाव लड़तीं। मैरी मिलबेन ने कहा कि आज भारत एक निर्णायक क्षण का सामना कर रहा है। वहां बिहार में महिलाओं के मूल्यों को चुनौती दी जा रही है। मेरा मानना है कि इस चुनौती का सिर्फ एक ही जवाब है। नीतीश कुमार की टिप्पणियों के बाद मेरा मानना है कि एक साहसी महिला को आगे आकर बिहार के सीएम पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करनी चाहिए।

राज्यकर्मी के दर्जे की मांग

### उधर, आंगनवाड़ी सेविकाओं पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

महिलाओं पर नीतीश के बयान पर बवाल थमा भी नहीं था कि अब पटना में आंगनवाड़ी सेविकाओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। राज्यकर्मी का दर्जा मांग रही महिला कर्मचारियों को पुलिस ने दौड़-दौड़ कर पीटा। इतना ही नहीं महिलाओं की भीड़ पर वाटर कैनन का इस्तेमाल भी किया गया है। आंगनबाड़ी में काम करने वाली ये महिलाएं राजधानी में विरोध प्रदर्शन कर रही थीं और राष्ट्रीय जनता दल आरजेडी के कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर रही थीं। पटना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के खिलाफ वाटर कैनन और लाठीचार्ज के इस्तेमाल पर सीएम के इस्तीफे की मांग करते हुए भाजपा एमएलसी ने बिहार सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

बिहार विधानसभा में आरक्षण बिल पास

## राज्य में अब आरक्षण का दायरा 75 फीसदी पहुंचा



बिहार विधानसभा में गुरुवार को आरक्षण संशोधन बिल पास कर दिया गया। दो दिन पहले ही नीतीश कैबिनेट से इसे मंजूरी मिली थी। आरक्षण में 9 संशोधन हैं। जाति गणना के सामाजिकऔर आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट जारी करने के बाद नीतीश कने राज्य में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 फीसदी तक करने का प्रस्ताव दिया था। नीतीश सरकार ने प्रस्ताव पेश किया। वे सदन में मौजूद नहीं थे। अब ओबीसी अत्यंत पिछड़ा वर्ग, एससी-एसटी को 65फीसदी आरक्षण मिलने का प्रावधान है। फिलहाल बिहार में इन वर्गों को 50फीसदी आरक्षण मिलता है।

### अब अनारक्षित कोटा मात्र 25 प्रतिशत

बिहार में अब अनारक्षित कोटा मात्र 25फीसदी बच गया है। शीतकालीन सत्र के चौथे दिन आरक्षण संशोधन विधेयक पारित हो गया। राज्य में 75 फीसदी रिजर्वेशन लागू करने का रास्ता साफ हो गया। सदन में किसी भी सदस्य ने इसका विरोध नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने भी इसका समर्थन किया।

### आरक्षण की लिमिट बढ़ाई जाएगी

राज्य में ओबीसी, ईबीसी, एससी और एसटी वर्ग के आरक्षण में मौजूदा 50 फीसदी की लिमिट को बढ़ाकर 65 फीसदी किया जाएगा। इसके अलावा ईडब्लूएस का 10 फीसदी आरक्षण बना रहेगा।

# किसी भी कर्मचारी का पीएफ और ग्रेच्युटी नहीं रोकी जा सकती : सुको

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक फैसले में कहा है कि कोई भी बैंक अपने किसी भी कर्मचारी के रिटायर होने पर उसका भविष्य निधि (पीएफ) और ग्रेच्युटी नहीं रोक सकता है। पंजाब नेशनल बैंक के एक रिटायर्ड कर्मचारी (अपीलकर्ता) के पक्ष में फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बैंक को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर्मचारी को भविष्य निधि और ग्रेच्युटी का भुगतान करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के अनुसार बैंक पीएफ राशि तभी रोक सकता है, जब यह साबित हो जाए कि किसी कर्मचारी के कृत्य से बैंक को कोई नुकसान हुआ है। इस मामले में बैंक न केवल कथित नुकसान को साबित करने में विफल रहा, बल्कि कर्मचारी को निष्पक्ष सुनवाई से भी वंचित कर दिया गया था।

### बैंक ने अपीलकर्ता को कोई अवसर नहीं दिया

अदालत ने फैसले में कहा है कि बैंक के निदेशक मंडल ने भविष्य निधि योगदान के विनियोग के प्रस्ताव को पारित करने से पहले बैंक को नुकसान या क्षति पहुंचाने के मुद्दे पर अपीलकर्ता को कोई अवसर नहीं दिया है। कोर्ट ने ग्रेच्युटी भुगतान के मुद्दे परप्रावधानों पर विचार किया और आगे वाईके सिंघला पंजाब नेशनल बैंक (2013) 3 एससीसी 472 के फैसले पर भरोसा किया।

पूर्ण क्षमता (34) से काम करेगा शीर्षकोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट में 3 जजों की नियुक्ति



जॉर्ज मसीह — सतीश चंद्र शर्मा — संदीप मेहता


प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में हाई कोर्ट के तीन मुख्य न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। इसी के साथ अब कोर्ट 34 न्यायाधीशों की पूर्ण क्षमता के साथ काम करेगी। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इन जजों की पदोन्नति की घोषणा की। इसमें दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा, राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह और गुवाहाटी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संदीप मेहता हैं।

## भाजपा महाराष्ट्र अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के हाथों से हुआ स्टार रिपोर्ट के अगले व्यंग चित्र 'मोदी राज में हार्दिक' का विमोचन

**मुंबई हलचल/ अरुण कुमार कमल**

**मुंबई।** 'मोदी राज में हार्दिक' का विमोचन के अवसर पर चंद्रशेखर बावनकुले ने संपादक हार्दिक हुंडिया को अपनी शुभकामना देते हुए मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 यशस्वी कार्यों को व्यंगचित्र के रुप में 140 करोड़ जनता तक पहुंचाने का कार्य हार्दिक हुंडिया कर रहे हैं वो कबीले तारीफ है। आज भारत की आजादी के 75वें वर्ष में आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, ऐसे में आजादी के 75 साल पूरे होने पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 महत्वपूर्ण और निर्णायक कार्यों को स्टार रिपोर्ट मैगजीन के प्रधान संपादक हार्दिक हुंडिया के नेतृत्व में 'मोदी राज में हार्दिक' नाम से व्यंगचित्र कार्टून बुक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्टार रिपोर्ट मैगजीन द्वारा प्रकाशित किये जा रहे 'मोदी राज में हार्दिक' के अगले व्यंग चित्र का भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र के अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर बावनकुले के हाथों से विमोचन किया गया। इस अवसर पर स्टार रिपोर्ट के प्रधान संपादक हार्दिक हुंडिया तथा सब एडिटर रश्मि दवे, और श्रद्धा रायबान मौजूद थे।





दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## उत्तराखंड हलचल

# मुख्यमंत्री ने कुम्हार मंडी क्षेत्र का किया भ्रमण, कुम्हारों से की मुलाकात

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून कि कुम्हार मंडी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दीपावली के अवसर पर मिट्टी के दिये व अन्य सामान तैयार करने वाले कुम्हारों से मुलाकात कि साथ ही उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से दीपावली पर मिट्टी के दिये जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मिट्टी के दिये दीपावली के पर्व को पावनता प्रदान करते हैं। लोगों के घरों में दीपावली पर जलने वाले दिये कुम्हारों की



खुशहाली और आर्थिक समृद्धि का भी माध्यम बनते हैं। वही मुख्यमंत्री ने खरीदे गये दियों का डिजिटल माध्यम से भुगतान किया साथ ही कहा कि डिजिटल ट्रांजेक्शन देश में तेजी से बढ़ा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वाला देश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने डिजिटलाईजेशन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। कुछ वर्षों में यूपीआई तेजी से हमारी अर्थव्यवस्था और आदतों का हिस्सा बन गया है। यह डिजिटल भारत की नींव है, यह अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक डिजिटल सेवाएं पहुंचाने का माध्यम है. मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दीपावली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए स्थानीय उत्पादों के प्रचार एवं प्रसार को हम सभी अधिक से अधिक बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की पूर्ति में भी अपना योगदान दे सकते हैं।

# दून अस्पताल में लगी 24 घंटे चिकित्सकों की ड्यूटी

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** दिपावली पर्व के अवसर पर उत्तराखंड के सबसे बड़े अस्पताल दून अस्पताल ने पूरी तैयारी कर ली है। अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही दिवाली के अवसर पर दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लंबे इंतजार के बाद 14 बेड की आधुनिक आईसीयू बर्न यूनिट भी शुरू कर दी गई




है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और विधायक खजानदास ने शुभारंभ किया। वहीं दून अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक अनुराग अग्रवाल ने बताया कि बर्न यूनिट में छह बेड आईसीयू, आठ सामान्य बेड और ओटी बनाई गई है। इसमें झुलसे हुए मरीजों को इलाज व सर्जरी की सुविधा मिलेगी। उन्होने बताया कि इस यूनिट को तैयार करने में करीब छह माह का समय लगा है।

## ज्वेलरी शो रूम डकैती मामले में आया ये बड़ा अपडेट

# घटना से 2 दिन पूर्व शोरूम में माल सप्लाई करने वाली कम्पनी भी आई जांच के दायरे में



**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

दिनांकः 11-11-23 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस कार्यालय देहरादून में समस्त राजपत्रित अधिकारियो के साथ राजपुर रोड पर रिलायंस शोरूम में हुई लूट की घटना के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान समस्त राजपत्रित अधिकारियो को क्लोज टास्किंग दी गयी। उक्त बैठक में एसटीएफ की टीम को भी शामिल किया गया तथा बैठक के दौरान घटना के सम्बन्ध में अब तक सामने आये सभी पहलुओं की समीक्षा की गयी। अब तक की जांच में उक्त घटना से तीन- चार दिन पूर्व पांच लोगों का हरिद्वार में आकर रूकना पाया गया है, साथ ही मध्य प्रदेश के कटनी में दिनांक : 05-04-23 को तथा महाराष्ट्र के लातूर में 13-08-23 को इसी मोडस आपरेन्डी लूट की घटनाओं का प्रयास किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हुई है, जिसमें अभियुक्त मौके से फरार हो गये थे। उक्त घटनाओं में महाराष्ट्र पुलिस द्वारा पटना जेल में बंद घटना शाम गैंग के मुखिया सुबोध को पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लातूर लाया जा रहा है। महाराष्ट्र पुलिस पीसीआर के माध्यम से ले सकती है जानकारी। कटनी तथा लातूर में हुई घटनाओं में फरार संदिग्ध व्यक्तियों के हुलिये राजपुर रोड पर घटित घटना में सम्मिलित अभियुक्तों के हुलिये से मिलते जुलते पाये गये हैं, जिससे उक्त घटनाओं का राजपुर रोड में हुई घटना से सम्बन्ध होने की सम्भावना के दृष्टिगत अलग-अलग टीमें गठित कर उक्त घटनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित स्थानों को रवाना की गई हैं। घटना के सम्बन्ध में जनपद देहरादून व अन्य प्रान्तों से पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुए हैं, साथ ही घटना में शामिल गैंग का अब तक की जानकारी में पश्चिम बंगाल, बिहार तथा नेपाल तक नेटवर्क फैला होना प्रकाश में आया है। जिसकी जानकारी हेतु अलग-अलग टास्किंग के साथ पुलिस टीमों को उक्त स्थानों के लिये रवाना किया गया है। रिलायंस शोरूम में हुई घटना के पैटर्न व महत्वपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम को जानकारी प्राप्त हुई कि अभियुक्तों द्वारा घटना से पूर्व कई महिनों तक शोरूम की रैकी करने के उपरान्त घटना को अंजाम दिया गया तथा 07 नवम्बर को रिलायंस स्टोर में काफी मात्रा में माल आने के सम्बन्ध में भी सम्भवतः उन्हें जानकारी थी।

इस सम्बन्ध में रिलायंस स्टोर में माल सप्लाई करने वाली कम्पनी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। साथ ही पुलिस द्वारा रिलायंस के शोरूमों में हुई लूट की अधिक घटनाएं होने के सम्बन्ध में हर एंगल से जांच करते हुए प्रत्येक सदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।



**दिनांक 11 नवंबर 2023 को मैडम रजनी रावत पूर्व राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार जी माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी अपने भाई को छोटी दीपावली के पावन पर्व पर मिलने पहुंचे तथा उपहारों समेत आशीर्वाद एवम शुभकामनाएं दिया।**

# मंत्री धन सिंह रावत ने ली सहकारिता विभाग की बैठक



**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** उत्तराखंड सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सहकारिता के चुनाव समय पर कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए है । उन्होंने कहा कि 30 नवंबर तक सहकारी सदस्यता अभियान को पूरा किया जाए। दो लाख नए सदस्य बनाए जाएं। अभी तक सिर्फ 77 हजार ही नए सदस्य बने हैं। आपको बता दे कि उत्तराखंड विधानसभा देहरादून में समीक्षा बैठक आयोजित कि गईं थीं जिसमें धन सिंह रावत ने कहा कि सहकारी समितियों के चुनाव समय पर होंगे। सभी 670 समिति को चुनाव योग्य बनाने को सदस्य अभियान जारी रखा जाए। अभी 12 लाख सहकारी समिति के सदस्य हैं। नए सदस्य 77 हजार ही बने हैं। सदस्य अभियान 30 नवंबर तक जारी रखा जाए। कहा कि फरवरी में हरिद्वार में सहकारिता का चिंतन शिविर होगा। इसमें भविष्य के लिए योजनाएं और नीतियां बनाई जाएंगी। ताकि किसानों की आमदनी सहकारिता के जरिए दोगुनी हो सके।

# टेंट हाउस में लगी भीषण आग, जिंदा जले तीन कर्मचारी

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**हल्द्वानी।** दीपावली की रात हल्द्वानी में भीषण अग्निकांड हो गया। नवाबी रोड पर कुमाऊं टेंट हाउस में सो रहे तीन कर्मचारी जिंदा जल गए। आग के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। दमकल की पांच गाड़ियों ने तीन घंटे बाद आग पर काबू पा लिया था। देर रात तक पुलिस-प्रशासन और दमकल कर्मी मौके पर मौजूद रहे। नवाबी रोड पर गिरीश हेडिया का कुमाऊं टेंट हाउस और गोदाम है। जहां पर 30 से 40 कर्मचारी काम करते हैं। रविवार को अधिकांश कर्मचारी दीपावली मनाने के लिए घर गए थे जबकि छह कर्मचारी यहीं रह गए थे। इसमें से रामनगर के मालधनचौड़ निवासी रविन्द्र, कृष्ण कुमार और धारी निवासी रोहित पुरी टेंट हाउस के अंदर ही सो गए थे। बाकी तीन बाहर सोए हुए थे। रात 12 बजे टेंट हाउस में अचानक आग लग गई। आसपास के लोगों ने आग की लपटें उठती हुई देखीं और सूचना टेंट हाउस स्वामी व अग्निशमन विभाग को दी। देखते ही देखते आग विकराल हो गई। तीनों कर्मचारी आग की लपटों में घिर गए।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# होप फाउंडेशन की ओर से इस्तेमाइ शादियां का प्रोग्राम संपन्न

## तबरेज अली जान शेख और उनके पूरी टीम का सराहनीय कार्य












## शाल और बुके देकर पत्रकार जफर सिद्दीकी को किया सम्मानित



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** हर साल के मुताबिक इस साल भी मुंबई में होप फाऊंडेशन की ओर से इस्तेमाइ शादियों का प्रोग्राम लोकप्रिय समाज सेवक होप फाऊंडेशन के ट्रस्टी तबरेज अलीजान शेख और उनकी पूरी टीम ने इस्तेमाइ शादियों का प्रोग्राम का आयोजन किया था। जिसमें आठ दूल्हा दुल्हन का निकाह किया गया । और निकाह का पूरा सामान भी उनको दिया गया। मुंबई के बांद्रा में अंजुमन इस्लाम गर्ल्स हाई स्कूल में रखा था जिसमें शहर के बहुत सारे सामाजिक और लोकप्रिय प्रतिष्ठित नागरिक लोगों की मौजूदगी थी।होप फाऊंडेशन के ट्रस्टी तबरेज अलीजान शेख ने इस्तेमाई शादी में आए सभी प्रतिष्ठित नागरिकों का शाल और बुके देकर सत्कार किया। इस वक्त सभी दूल्हा दुल्हन का निकाह पढ़ाया गया। होप फाऊंडेशन की ट्रस्टी तबरेज अलीजान भाई का सराहनीय कार्य देखते हुए सभी ने उनके कार्य की तारीफ की तबरेज शेख और उनकी टीम ने इस्तेमाइ में शादी में आए हुए सभी मेहमानों का शाल और बुके देकर उनको सम्मानित किया। सभी आए हुए मेहमानों ने अपना सम्मान करने पर तबरेज शेख और उनकी पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया। दैनिक बुलंद दुनिया के एडिटर जफर सिद्दीकी इनका शालऔर बुके देकर तबरेज शेख और उनकी पूरी टीम ने सम्मानित किया इसी तरह उत्तर मध्य कांग्रेस के जिला महासचिव नईम शेख ऑल इंडिया वर्कर कांग्रेस कमेटी के उत्तर मध्य जिला अध्यक्ष उस्मान उर्फ लाला और कोई दिग्गज समाज सेवक लोगों का होप फाउंडेशन की ओर से तबरेज शेख और उनकी पूरी टीम ने शाल और बुके देकर सम्मानित किया इस्तेमाइ शादी में शिरकत करने वाले सभी लोगों के लिए प्रीति भोज का इंतजाम बहुत ही बेहतरीन तरीके से किया गया था। सभी मेहमानों ने खाने का स्वाद चखा । शादी में दुल्हन को दहेज का पूरा सामान दिया गया। बहुत ही बेहतरीन तरीके से इस्तेमाइ शादी शादियों का आयोजन करने पर मुंबई शहर में होप फाऊंडेशन की तारीफों की चर्चा लोगों में चर्चा चल रही है।इस होप फाऊंडेशन की इस्तेमाइ शादियों का कार्यक्रम को कामयाबी के लिए तबरेज अलीजान शेख, अख्तर मुस्तफा कुरेशी, इरफान शेख (बंटी), फुलजाहां खान, जावेद शेख और पूरी टीम ने कार्यक्रम को कामयाबी के लिए बेहतरीन मेहनत किया।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

